RASHTRIYA SAHARA, LUCKOW
Friday, October 05, 2012

टीसीएस आईटी विज का रीजनल राउंड लखनऊ में 9 को

लखनऊ (एसएनबी)। देश की प्रमुख आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने आठवीं से 12 कक्षा में अध्ययनरत छात्रों में सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित ज्ञान की परख के लिए 'टीसीएस आईटी विज' का आयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता का रीजनल राउंड 9 अक्टूबर को इंन्द्रा गांधी प्रतिष्ठान (गोमती नगर) में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी टीसीएस के रीजनल हेड जयंत कृष्णा ने बृहस्पतिवार को एक पत्रकार वार्ता में दी।

श्री कृष्णा ने बताया कि प्रतियोगिता के लखनऊ संस्करण में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के स्कूलों के कक्षा आठ से 12 तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकती हैं। इस प्रतियोगिता में प्रवेश निशुल्क है। उन्होंने बताया कि इस साल टीसीएस आईटी विज का आयोजन हैदराबाद, अहमदाबाद, बेंगलुरू, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली, पुणे, कोलकाता, कोच्चि, लखनऊ, नागपुर, इंदौर और मुंबई में किया जा रहा है।

क्विज का संचालन क्विजमास्टर बालासुब्रमण्य उर्फ पिकब्रेन करेंगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय राउंड के उपरांत राष्ट्रीय फाइनल दिसम्बर में आयोजित किया जाएगा जिसमें क्षेत्रीय स्तर की विजेता 14 टीमें चैंपियन के लिए भिड़ेंगी।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक छात्र 6 अक्टूबर तक टीसीएस के शैलेन्द्र कुमार अथवा w w w.tcsitwiz.com पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं।